दिन–सोमवार दिनांक– 25/03/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

भाजपा ने बिहार से सत्रह संसदीय क्षेत्रों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इसमें चार नये चेहरे शामिल हैं। बक्सर से मौजूदा सांसद अश्विनी कुमार चौबे की जगह पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, मुजफ्फरपुर से अजय निषाद के बदले राजभूषण निषाद को प्रत्याशी बनाया गया है। सासाराम से छेदी पासवान के स्थान पर शिवेश राम को पार्टी ने टिकट दिया है। शिवहर की सीट सहयोगी दल जदयू के खाते में चले जाने के कारण मौजूदा सांसद रमा देवी का टिकट कट गया है। इस बार भाजपा ने बिहार में किसी महिला को प्रत्याशी नहीं बनाया है। केंद्रीय मंत्रियों में आर के सिंह, गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय फिर से अपने सीटों से उम्मीदवार घोषित किये गये हैं। केंद्रीय मंत्री आर. के. सिंह आरा संसदीय क्षेत्र से। नित्यानंद राय उजियारपुर से और गिरिराज सिंह बेगूसराय से चुनाव लड़ेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद पटना साहिब और रामकृपाल यादव पाटलिपुत्र सीट से दोबारा चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा औरंगाबाद से सुशील कुमार, सारण से राजीव प्रताप रूडी, पश्चिम चंपारण से संजय जायसवाल, पूर्वी चंपारण से राधामोहन सिंह, मधुबनी से अशोक कुमार यादव, दरभंगा से गोपालजी ठाकुर, अररिया से प्रदीप कुमार सिंह और महाराजगंज से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को टिकट मिला है। एनडीए में सीटों के समझौते के तहत भाजपा के खाते में आयी नवादा सीट से राज्य सभा सांसद विवेक ठाकुर चुनाव लड़ेंगे।

इधर, जदयू ने भी अपने कोटे की सभी सोलह सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने बारह मौजूदा सांसदों को फिर से टिकट दिया है। सीतामढ़ी लोक सभा सीट से सुनील कुमार पिंटू और सीवान संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद कविता सिंह का टिकट कट गया है। पार्टी ने सीवान से विजयलक्ष्मी कुशवाहा और सीतामढ़ी से विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को प्रत्याशी घोषित किया है। राजद को छोडकर हाल में जदयू में शामिल हुई लवली आनंद को शिवहर से उम्मीदवार बनाया

गया है। एनडीए में हुए सीट शेयरिंग समझौते के तहत जदयू की गया और काराकाट संसदीय सीट सहयोगी दलों के खाते में चली गयी है। इसके कारण गया के वर्तमान सांसद विजय मांझी और काराकाट के मौजूदा सांसद महाबली सिंह को टिकट से वंचित होना पड़ा है।

———————————————————————

प्रदेश में पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन जारी है। पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई संसदीय क्षेत्रों में वोट डाले जायेंगे। चारों संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि अट्ठाईस मार्च है। एनडीए की ओर से भाजपा ने नवादा, औरंगाबाद तथा हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा ने गया से अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। वहीं महागठबंधन में राजद ने गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा से उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिये हैं। अभी तक चारों सीटों में से केवल गया लोक सभा क्षेत्र से एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ है।

———————————————————————

देशभर में रंगो का त्योहार होली उल्लास और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। पटना सहित कई स्थानों पर भद्रा नक्षत्र होने के कारण कल भी होली मनायी जायेगी। कई स्थानों पर लोग आज भी होली मना रहे हैं। लोगों में होली को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि पूरा माहौल होलीमय हो गया है। सुबह में लोगों ने रंग और मिट्टी से होली खेली। दोपहर बाद से अबीर–गुलाल के साथ होली खेल रहे हैं और एक–दूसरे को होली की बधाई दे रहे हैं। होली को लेकर प्रशासन विशेष चौकसी बरत रहा है और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। अस्पतालों और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। होली के मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को

होली की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि होली असत्य पर सत्य और दुराचार पर सदाचार की विजय का पर्व है। यह त्योहार समाज में एकता, प्रेम, भाईचारा, सद्भावना और शांति का संदेश देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि असत्य, अहंकार और पाखंड पर सत्य के विजय पर्व के रूप में होली का त्योहार मनाया जाता है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।